# श्याम जनमदिन आ गया | by Monu Dua

झूम झूम कर नाचो भक्तों श्याम जनमदिन आ गया
खाटू वाला खाटू वाला सबके दिल को भा गया

लड्डू पेड़े बर्फी मेवा सब कुछ आज तैयार है
फूलों में देखो सज कर बैठा बाबा लखदातार है
मोरछड़ी का झाड़ा इसका संकट दूर भगा गया
खाटू वाला खाटू वाला सबके दिल को भा गया

गली गली और मोड़ मोड़ पर फूलों की बौछार है
स्वर्गों से भी प्यारा लगता तेरा तोरण द्वार है
खाटू का ये गज़ब नज़ारा सब भक्तों को भा गया
खाटू वाला खाटू वाला सबके दिल को भा गया

सब भक्तों को सांवरिया तुम पर ये विश्वास है
जब भी पड़े ज़रूरत हमको खाटूवाला साथ है
प्यार हमारा श्याम प्रेमियों श्याम प्रभु को भा गया
खाटू वाला खाटू वाला सबके दिल को भा गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-monu-dua/